# आकाशवाणी शिमला

**14.07.2024** **1945 बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर युवाओं के लिए रोज़गार के रास्ते बंद करने का लगाया आरोप।
- सेब सीज़न कल से होगा शुरू– प्रशासन ने शिमला ज़िले के फागू व बलग में स्थापित किए सेब नियंत्रण कक्ष।
- उत्तर भारत की सबसे कठिन व धार्मिक श्रीखण्ड महादेव यात्रा आज से शुरू– 27 जुलाई तक चलेगी यात्रा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पर्यटन के बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में प्रतिबद्ध है। बिलासपुर ज़िले के औहर में आज एक नए पर्यटन परिसर के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए पर्यटन क्षेत्र को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है ताकि युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि औहर में पर्यटन परिसर का निर्माण 33 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से किया जाना है और आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण ये परिसर पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने पर्यटन परिसर को गोबिंद सागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सके। इस पर्यटन परिसर का कार्य दो वर्ष के भीतर पूरा होने की संभावना है।

इस बीच, मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस सरकार की नीतियों व योजनाओं पर फिर से भरोसा जताने के लिए जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने धनबल की राजनीति को नकार कर भाजपा के ऑपरेशन लोटस को पूरी तरह विफल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के कारण प्रदेश में विकासात्मक कार्य प्रभावित हुए हैं लेकिन अब कांग्रेस सरकार राज्य के हितों के लिए तेजी से कार्य करेगी। इस अवसर

पर उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनीं। नगर नियोजन व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी इस दौरान मौजूद रहे।

## नीति आयोग

नीति आयोग ने स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के आकांक्षी जिलों में 4 जुलाई से 30 सितंबर तक 3 महीने का सम्पूर्णता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के शुभारम्भ पर देश भर के एक सौ 12 आकांक्षी जिलों और पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगों को इस अभियान के महत्व के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत विशेष कर 6 संकेतकों पर अगले तीन माह कार्य किया जाना है। इन संकेतकों में गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण देना, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच करने सहित स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना शामिल है। इसी कड़ी में देश के आकांक्षी जिला चंबा में भी इन 6 संकेतकों के तहत सम्पूर्णता अभियान शुरू कर दिया गया है और जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य के प्रमुख मंदिरों को ई–कनेक्टिविटी सुविधा से जोड़ा जाएगा। इस पहल से भक्तों को घर बैठे ही दर्शनों की सुविधा सुनिश्चित होगी। कांगड़ा ज़िले के ज्वालामुखी मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद उन्होंने कहा कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से श्रद्धालु मंदिर के पुजारियों से भी जुड़ सकेंगे। अग्निहोत्री के अनुसार तीर्थ यात्रियों के अनुभवों को और सुखद बनाने के लिए सरकार प्रमुख मंदिरों के सौदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास पर भी कार्य कर रही है। इसके अलावा श्रद्धालुओं को मंदिरों में विश्राम के लिए भी बेहतर सुविधाओं पर विशेष बल दिया जा रहा है।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कांग्रेस सरकार प्रदेश का एक समान विकास करवाने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है। शिमला ज़िले के रोहड़ू में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि रोहड़ू से उनका पारिवारिक रिश्ता रहा है और स्थानीय विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का योगदान भी अभूतपूर्व रहा है। लोक निर्माण

मंत्री ने रोहड़ू क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के नवीनीकरण के लिए डेढ़ करोड़ रूपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि रोहड़ू में सीमा कॉलेज में प्रस्तावित बहुउद्देशीय भवन के निर्माण कार्य की सभी औपचारिकताएं पूरा कर जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले में जुब्बल के झड़ग–नकराड़ी स्कूल भवन का आज उद्घाटन किया। इस भवन के निर्माण पर एक करोड़ 55 लाख रूपए खर्च हुए हैं। स्कूल परिसर में हुए एक समारोह में शिक्षा मंत्री ने कहा कि विपरीत वित्तीय परिस्थितियों और राजनीतिक संकट के बावजूद सरकार पूरे प्रदेश में अभूतपूर्व और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह से टी.जी.टी. बैचवाईज़ अध्यापकों की नियुक्ति शुरू कर दी गई है और करीब 6 हज़ार शिक्षकों के पदों को जल्द भरा जाएगा।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि रोज़गार देने के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस हर दिन रोज़गार के रास्ते बंद कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस ने युवाओं के लिए 6 सौ 80 करोड़ रूपए का स्टार्टअप फंड का प्रबंध करने की घोषणा की थी लेकिन डेढ़ वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत पहले से चल रही स्वावलंबन योजना को ही बंद कर दिया गया है और इसके तहत स्वीकृत किए गए प्रोजेक्टस भी रोक दिए गए हैं। जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से वर्षों से लंबित पड़े प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम जल्द घोषित करने और युवाओं को रोज़गार देने की मांग की है।

## सेब सीज़न

सेब सीज़न कल से शुरू होने जा रहा है। सेब सीज़न को देखते हुए शिमला ज़िले के फागू और बलग में सेब नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने आज फागू में स्थापित सेब नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया और नियंत्रण कक्ष में मौजूद स्टाफ को ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेब सीज़न

के दौरान बागवानी, राजस्व और पुलिस विभाग के कर्मचारी दिनरात नियंत्रण कक्ष में तैनात रहेंगे।

**श्रीखंड यात्रा**

उत्तर भारत की सबसे कठिन, रोमांचक व धार्मिक श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस. रवीश द्वारा आधार शिविर सिंहगाड़ से यात्रियों को आज सुबह हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 18 हजार 5 सौ 70 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव तक पहुँचने के लिए भक्तों को 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान बर्फ के छह ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है। यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए है। यह यात्रा 27 जुलाई तक चलेगी। श्रीखण्ड महादेव यात्रा के लिए इस बार साढ़े 4 हजार श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। प्रशासन ने यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं से कूड़ा–कचरा विशेषकर प्लास्टिक का कचरा जंगल में न फैंकने और मादक पदार्थों का सेवन न करने का आग्रह किया।

**सीपीएस**

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में फागड़ा नाला से शलधारी संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का आज शुभारम्भ किया। करीब 2 किलोमीटर लम्बे इस मार्ग पर लगभग 2 करोड़ रूपए की लागत आने का अनुमान है। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि सड़क का निर्माण विजयदशमी से पहले पूरा कर इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फलाण गांव के लिए भी जल्द ही सड़क का कार्य शुरू किया जाएगा। बाद में उन्होंने कुल्लू में ज़िलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भी समापन किया।

**कांग्रेस**

प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि हाल ही में हुए उपचुनाव में जनता ने धनबल व षड्यंत्र को हराया है और जनता की जीत हुई है। पार्टी प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा कि प्रदेश की जनता ने खरीद–फरोख्त की राजनीति को नकार कर अपना वोट राजनीतिक पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अब संवैधानिक तरीके से विपक्ष की भूमिका निभाने और सरकार को गिराने के षड्यंत्र छोड़ने की ज़रूरत है।

## मौसम

प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक मॉनसून के कमजोर बने रहने की संभावना है। हालांकि इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार 17 से 19 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान है। इस बीच राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आज धूप खिली रही। पिछले कुछ दिनों में वर्षा के दौर में कमी आने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

## विजय दिवस

करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ 26 जुलाई को मनाई जाएगी। इस सिलसिले में दिल्ली के राजीव चौक पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और दिल्ली मेट्रो के सहयोग से एक प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रदर्शनी 26 जुलाई तक चलेगी और सुबह 11 बजे से शाम सात बजे तक देखी जा सकती है।

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर युवाओं के लिए रोज़गार के रास्ते बंद करने का लगाया आरोप।
- सेब सीज़न कल से होगा शुरू– प्रशासन ने शिमला ज़िले के फागू व बलग में स्थापित किए सेब नियंत्रण कक्ष।
- उत्तर भारत की सबसे कठिन व धार्मिक श्रीखण्ड महादेव यात्रा आज से शुरू– 27 जुलाई तक चलेगी यात्रा।